## सार-समाचार

### विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** अग्रसेन जयंती के मौके पर बालिकाओं और महिलाओं के लिए सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिता हुई। जिसके तहत बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में गणगौर बनाना (ईसर, गौरा) का आयोजन सपना राणासरिया, संगीता गुप्ता के संयोजन में प्रायोजक केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार फर्म घनश्याम दास हनुमान बक्स के सौजन्य से, रूई की बत्ती बनाना (फूल बत्ती, तीन तार बत्ती, लम्बी बत्ती) प्रतियोगिता का आयोजन नीतू अग्रवाल, रेखा बिसाऊवाला के संयोजन में प्रायोजक धीरज कुमार राजेश कुमार बिसाऊवाला के सौजन्य से, फूल गैदरिंग गेम्स का आयोजन उषा केडिया, सरिता सिंघानिया के संयोजन में प्रायोजक तारामणि सत्यनारायण हलवाई परिवार के सौजन्य से मुख्य अतिथि मनू चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष कृष्णा गोयनका एवं विशिष्ट अतिथि सुनिता गुप्ता, प्रायोजक परिवार से स्नेहलता तुलस्यान, इंदूदेवी हलवाई एवं रेखा बिसाऊवाला के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में बतौर निर्णायक ममता बिरमीवाला एवं ममता मित्तल ने अपने विवेक से प्रतियोगिताओं के निर्णय सुनाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथि, प्रायोजक एवं निर्णायकों का स्वागत माल्यार्पण के साथ करके उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि सुभाष जालान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नंदकिशोर जालान के सानिध्य में झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी समसपुर रोड पर आकाश मोदी एवं विकास तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक डॉ. दिलीप मोदी झुंझुनू एकेडमी के सौजन्य से 30 सितंबर सोमवार को अपराह्न चार बजे से समाज के जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के लिए किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल एक अक्टूबर को होगा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजडीवाल सहित कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए

**सीकर (निसं)।** वेदमाता गायत्री स्कूल अरनिया में ताखर हेल्थ केयर एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन फिजिथेरेपिस्ट डॉ भंवर सिंह ताखर ने स्वस्थ समाज की अलख जगाते हुए वेदमाता गायत्री स्कूल में योग व शारीरिक व्यायाम के माध्यम से छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहने के बारे में बताया। डॉ ताखर ने बताया कि फिजियोथेरेपी कमर दर्द, स्लिप डिस्क का रामबाण इलाज है। फिजियोथैरेपी केवल दर्द ही ठीक नहीं करती बल्कि इंसान की जीवन शैली को भी बेहतर बनाती है । इसका फायदा जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक हर तरह की बीमारियों से बचाता है। डा. ताखर ने ये भी बताया फिजियोथैरेपी करवाने से गंभीर रोग भी आसानी से ठीक हो जाते हैं। संस्था चेयरमैन सीताराम यादव, संचालक बलराम यादव व प्रधानाचार्य रोहिताश यादव ने डॉक्टर ताखर के स्वस्थ समाज की कल्पना के सराहनीय कदम के लिए उनका आभार व्यक्त किया और ईश्वर से स्वस्थ रहने की कामना की है। इस सेमिनार में विद्यालय के स्टाफ साथी रामावतार यादव, सुल्तान राम वर्मा , दानाराम यादव, शिभूदयाल यादव, भगवान सहाय यादव, विजय कुमार सराधन,कालूराम चौधरी, संदीप रूंडला, देवी सहाय मीणा, हरिपाल यादव, प्रेमचंद जांगिड़, वसंत कुमार रोज ,हंसा चौधरी, सुनीता चौधरी, लालचंद यादव, सुभाष यादव, प्रेरणा शर्मा, ममता यादव, रेखा यादव, दुर्गा यादव, रिद्धि शेखावत, माया यादव, मोहन यादव, सुप्यार यादव, महेंद्र सिंह शेखावत ,श्यामलाल यादव, मांगीलाल वर्मा, सीताराम रूंडला, सीताराम यादव, महेंद्र सिंह यादव व अन्य लोग भी शामिल रहे।

### हिन्दी पखवाड़े का समापन

**चूरू (कासं)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरु में सोमवार को हिंदी पखवाड़े का काव्यमयी समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने पखवाड़े के तहत सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर पखवाड़े का समापन किया। प्राचार्य ने दैनिक जीवन व राजकीय कार्य में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का आव्हान किया। प्राचार्य ने बताया पखवाड़े के दौरान हिन्दी श्रुतलेखन, हिंदी काव्य पाठ, प्रतियोगिता, कहानी सुनाओ, समूह गान, मुहावरे, लोकोक्ति, आशु भाषण के साथ-साथ कार्यालयी शब्दावली प्रयोग आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। सीसीए संयोजक विजय कुमार माथुर ने हिंदी पखवाड़े को सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीमा शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, अतुल पांडेय, लाल चंद, सुरेंद्र शर्मा, अंजनी कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, महिपाल स्वामी, मुकेश मीना, छुट्टन लाल मीणा, महेश बुल्डक, संवार मल, प्रताप नैन सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रामलीला से पहले भूमि पूजन किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय कला मंदिर संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अक्टूबर से आदर्श रामलीला और दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तहत सोमवार को चूना चौक स्थित पार्क में पंडित मुकेश महमिया एव पंकज महमिया ने भूमि पूजन कर ध्वज स्थापित करवाया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष इस धार्मिक आयोजन से पहले भूमि पूजन कर ध्वज स्थापित किया जाता है। इस बार संस्थान द्वारा 43वीं रामलीला का मंचन होगा तो वही 23वीं बार दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष विनोद सिंघानिया, मंत्री ललित जोशी, उपाध्यक्ष मनीष खंडेलिया, उपाध्यक्ष अमित पांडे, शशिकांत शर्मा, पंकज बावलिया, पवन सैनी, अनिल चोटिया, शिवचरण पुरोहित, उमाशंकर महमिया, अविनाश पुरोहित, सचिन अग्रवाल, पंकज शिवानीवाल सहित बडी संख्या में पदाधिकारी, कलाकार मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**चूरू, (कासं)।** राजकीय सेठ लक्ष्मीनारायण बागला बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चूरू विद्यालय परिसर में 35 वीं जिला स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता महिला वर्ग का शुभारम्भ पुरूषोतम सोनी, प्रधानाचार्य व ओमप्रकाश सिहाग, व्याख्याता प्रतियोगिता संयोजक द्वारा किया गया। जिसमें उद्घाटन मैच बैडमिन्टन का हुआ। इस प्रतियोगिता में टेबल टेनिस, वॉलीबाल, एथेलेटिक्स, सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संगीता सिहाग, मंजू कस्वां, शान्ति सैनी, राज कंवर, सुनेस्ता, मंजू पूनियां, राजकला, शारदा बेनिवाल, रमा शर्मा, शशिकला शक्तावत निर्णायक रहे तथा संचालन विजेन्द्र कुमार, उपप्राचार्य एवं कृष्ण कुमार सैनी, वरिष्ठ अध्यापक ने किया। मोहम्मद सदीक खान, प्यारेलाल, अजय निमेलिया, अरविन्द कुमार सोनी, शिवकुमार प्रजापत, विनोद कुमार पूनियां आदि ने सहयोग किया।

### चिकित्सा कार्यालयों का निरीक्षण किया

**सीकर (निसं)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने चिकित्सा कार्यालयों व संस्थानों के निरीक्षण के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया। दल के सदस्य सांख्यिकी अधिकारी केषर देव सैनी, सहायक प्रषासनिक अधिकारी कैलाषचंद पारीक व जिला कार्यक्रम समन्वयक कमल गहलोत ने सोमवार को जिले के बीसीएमओ कार्यालय पिपराली, खण्डेला व पलसाना तथा उप जिला अस्पताल खण्डेला का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने फाइलों का संधारण, कार्यालय व संस्थान के अंदर व परिसर में साफ सफाई, कार्यालय में फाइलों का रखरखाव, नाकारा सामान का निस्तारण आदि चैक लिस्ट के अनुसार कार्यालय व संस्थानों का निरीक्षण किया और रिपोर्ट सीएमएचओ को प्रस्तुत की। इससे पूर्व षुक्रवार को टीम ने बीसीएमओ कार्यालय कूदन, लक्ष्मणगढ, फतेहपुर तथा जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ व उप जिला अस्पताल फतेहपुर का निरीक्षण किया।

### शिविर में स्वास्थ्य जांचा

**चूरू, (कासं)।** अग्रसेन जयंती महोत्सव पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सौ से ज्यादा अग्र समाज बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सको ने किया। चिकित्सा शिविर जीवन रेखा हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया गया। शिविर में डॉ. रवि अग्रवाल, डॉ. राधेश्याम यादव, डॉ. रघुराज स्वामी आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में रक्त जांच, ईसीजी, वीपी व शुगर की जांच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अग्र समाज के युवाओं ने भाग लिया। फाइनल मैच में गोयल चौलेंजर्स विजेता रही।

### आज यहां विद्युत आपूति बंद रहेगी

**सीकर (निसं)।** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण जोशी ने बताया कि आगामी दीपावली के पर्व पर सीकर नगर में सुचारू एवं सतत् विद्युत आपूर्ति, 11 केवी लाईनों, 33 केवी लाईनों, 33/11 केवी सब स्टेशन तथा 11/04 केवी सब स्टेशनों के रख-रखाव का कार्य किए जाने के कारण एक अक्टूबर 2024 (मंगलवार) को कोर्ट रोड, कल्याण सर्किल, जाट बोर्डिंग, मिलन होटल के आस-पास के क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# महान व्यक्तियों की स्मृतियां अच्छे कार्य की प्रेरणा देती हैं : प्रभारी मंत्री



चूरू के निकट प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने पूर्व प्रधान चौधरी गणपत राम न्यौल की प्रतिमा का अनावरण किया।

**चूरू, (कासं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि महान पुरुषों की स्मृतियां हम सभी को जीवन में अच्छे काम करने की प्रेरणा देती हैं। हमें अपने जीवन में यह कोशिश करनी चाहिए कि हम उनकी अच्छाइयों को अपने जीवन में उतारें और उनके आदर्शों पर चलें।

प्रभारी मंत्री गहलोत सोमवार शाम गांव सातड़ा में आयोजित पूर्व प्रधान चौधरी गणपत राम न्यौल के मूर्ति अनावरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चौ. गणपतराम ने शिक्षा और समाज सेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी प्रतिमा हम सभी को हमेशा उनके बेहतर कामों की याद दिलाएगी और हम सब अपने जीवन में कुछ सार्थक करने की प्रेरणा लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि चौ. गणपत राम एक सीधे सरल इंसान एक सच्चे जनप्रतिनिधि थे। जिन्होंने पूरा जीवन शुचिता से जीया और जो कहा वो कर दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चौ. गणपतराम ने शिक्षा एवं समाज सरोकार के क्षेत्र में अपना जीवन अर्पित किया। उनके आदर्श हमारे लिए मशाल का काम करते हैं। सरपंच से लेकर प्रधान तक के राजनीतिक सफर में उन्होंने एकदम बेदाग राजनीति की।

विशिष्ट अतिथि पीसीआई के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि चौ. गणपत राम ने इस क्षेत्र में शिक्षा की नींव रखी और उच्च प्राथमिक स्कूल से लेकर उच्च माध्यमिक स्कूल खुलवाने तक में उनका बड़ा योगदान है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि चौ. गणपत राम ने सामाजिक मूल्यों के लिए काम किया और शिक्षित व बेहतर समाज का सपना देखा। विशिष्ट अतिथि वासुदेव चावला ने कहा कि अपने जीवन में सामाजिक समरसता और शिक्षा के लिए काम करने वाले चौ. गणपत राम की स्मृतियों को संजोने का बहुत पवित्र काम आज हुआ है।

कार्यक्रम को अपना सान्निध्य प्रदान करते हुए संत दयानाथ ने कहा कि समाज की सेवा से ही जीवन सार्थक और सफल होता है। हमें इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, विशिष्ट अतिथि बसंत शर्मा, शिक्षाविद दयाराम महरिया ने भी विचार व्यक्त करते हुए चौ. गणपत राम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना की। उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संकल्प दोहराया कि जीवन में चौ. गणपतराम न्यौल के बताए मार्ग पर चलेंगे।

इससे पूर्व प्रभारी मंत्री गहलोत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़, विधायक सहारण, देवेंद्र झाझड़िया, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़, वासुदेव चावला आदि ने पूर्व प्रधान चौधरी गणपत राम न्यौल की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप ने किया। उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, राधेश्याम न्यौल, नंदराम न्यौल, दौलतराम न्यौल, ताराचंद न्यौल, रामेश्वर न्यौल, रणजीत सारण सहित ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सोमवार को सेवानिवृत्त हुए जलदायकर्मी ताराचंद न्यौल का पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ देवेंद्र झाझड़िया आदि ने स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

### 'सदस्यता अभियान में चूरू जिला पीछे नहीं रहेगा'

**चूरू, (कासं)।** आज दादू भवन चूरू में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान की पखवाडे क़ी समीक्षा जिला बैठक आयोजित हुयी। जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिला बैठक प्रभारी एवम् सहप्रभारी बीकानेर संभाग जोगेन्द्र राजपुरेहित , विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, जिला प्रमुख वन्दना आर्य, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, खेमाराम मेघवाल, विधानसभा प्रत्याशी सुमित्रा पूनियां, राकेश जांगिड़, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिषेक चोटिया मंचस्थ रहे। इस अवसर पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने विश्वास व्यक्त करते हुऐ कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में यह अभियान पुरे जोर शोर से चल रहा है। जिले में भी इस अभियान में लोगो में गहरा उत्साह है और चूरू जिला इस अभियान में पिछे नही रहेगा।

## 'सभी विभागों की योजनाओं व सेवाओं की मॉनीटरिंग करें एसडीएम'

**चूरू, (कासं)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने उपखंड अधिकारियों से कहा है कि वे उपखंड क्षेत्र में समस्त विभागों की योजनाओं, सेवाओं व कार्यों की समुचित मॉनीटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का आमजन को समुचित लाभ मिले तथा जन समस्याओं का त्वरित समाधान हो।

वे सोमवार को जिला परिषद सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक में उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों से विचार.विमर्श कर रहे थे। उन्होंने राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों के साथ.साथ जिले के विकास से जुड़े महत्त्वपूर्ण कार्यों, विभिन्न विभागों की योजनाओं व सामान्य प्रशासन को लेकर विभिन्न मसलों पर विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के लिए एक समय नियत रखें और कोशिश करें कि कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का यथासंभव, यथाशीघ्र निस्तारण हो। जिला स्तरीय चौपाल के अलावा अपने स्तर पर भी रात्रि चौपाल आयोजित करें। नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं अधिकाधिक निस्तारण के लिए जरूरी है कि अधिकारी कोर्ट में अधिक से अधिक समय दें। राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में देरी न हो और प्रकरण अनावश्यक लम्बित नहीं रहें।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखें और त्यौहारों के समय को देखते हुए इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उपखंड अधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समुचित मॉनीटरिंग करें और देखें कि सरकार की मंशा के अनुसार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे। योजनाओं का समुचित प्रचार.प्रसार करें और यह देखें कि पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति वंचित नहीं रहें। जन सुनवाई व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार.प्रसार कर जन जागरूकता बढ़ाते हुए शिकायतें दर्ज करें।

जिला कलेक्टर ने इस दौरान राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन एक अप्रैल 2004 से पहले के लंबित वाद, सूचना का अधिकार, 177 आरटी एक्ट, राजस्थान टीनेंसी एक्ट की धारा 183 बी के प्रकरणों, राजकीय भूमि पर अतिक्रमण धारा 91 एलआर एक्ट में दर्ज मामलों, लोकायुक्त सतर्कता शाखा प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, 16 सीसी, एवं 17 सीसीए प्रकरणों, नामांतरण, सीमाज्ञान, एमएसीटी प्रकरण, भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 256.257 के प्रकरणों, राको रोडा एक्ट आदि पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, बीदासर एसडीएम सुमन शर्मा, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तारानगर एसडीएम राजेंद्र कुमार, सरदारशहर एसडीएम मुनेश कुमारी, रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा सहित तहसीलदारए नायब तहसीलदार आदि राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

## एक शाम लता मंगेशकर के नाम सांस्कृतिक समारोह आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** संस्कार भारती द्वारा भारत रत्न लता मंगेशकर के जन्म दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी, अध्यक्ष मधुसुदन खेतान और सचिव डॉ. अक्षय गोदारा ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि एसपी शरद चौधरी थे। अध्यक्षता नगर संघ चालक सुभाष क्यामसरिया ने की।

विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर जालान, अशोक केडिया, ताराचंद भोडकीवाला, सुमन मोदी, जिला संघ चालाक मानसिंह, पितराम सिंह गोदारा, राजेंद्र कुमावत, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. पूनम शर्मा, सत्यदेव दड़िया, मदनसिंह प्रेमी, पुष्कर जांगिड़, गोविंद कुमावत, विजयहिंद जमालपुरिया, आरएसएस के योगेंद्र सैनी, श्रीराम शर्मा कुठानिया, एमएन कुरैशी, हीरालाल भार्गव राजगढ़, नेकीराम धूपिया, पुष्कर जांगिड़, गोविंद कुमावत, रंगदेव सिंह राठौड, एडवोकेट सुरेंद्रसिंह, डॉ. विद्या पुरोहित आदि थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सुभाष क्यामसरिया, नंदकिशोर जालान, राजेंद्र कुमावत, मानसिंह, अक्षय गोदारा, प्रेमबिहारी माथुर, डॉ. संजय शर्मा, पवन आलड़िया, डॉ. राजबाला ढाका, सोनिया सोनी, ज्योति शर्मा, भंवरी कंवर, राजबाला कंवर आदि ने एसपी शरद चौधरी का साफा, माला और प्रतीक चिह्न से सम्मान किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि हमारे देश कि संस्कृति 5000 वर्ष पुरानी है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए। पृथ्वी पर कोई भी ऐसा देश नहीं है। जिसकी चेतना चिरंतर जल रही है। तमाम संस्कृतियों का जन्म हुआ और काल खंड के गर्भ में वो मिट भी गए। हम पहले भी कायम थे। आज भी कायम हैं और आगे भी कायम रहेंगे।

### दो पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद

**खेतड़ी, (निसं)।** खानपुर में घर में घूसकर महिला की गोली मारकर हत्या करने के आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हथियार बरामद किए हैं। फायरिंग की वारदात के बाद हिस्ट्रीशीटर ने अपने फार्म हाउस पर हथियार छिपाए थे। इसके बाद हरियाणा में भाग गए थे। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि महिला की हत्या के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव व उसके रिश्तेदार नोरंगलाल को दोबारा से चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर की शाम को खानपुर निवासी सजना देवी पत्नी वेदप्रकाश की घर में घूसकर हत्या कर दी थी।

## साहित्य गोष्ठी में साहित्यकार का सम्मान



चूरू लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में आयोजित साहित्य गोष्ठी में साहित्यकार का अतिथियों ने सम्मान किया।

**चूरू, (कासं)।** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में रविवार शाम को साहित्य गोष्ठी का आयोजन हुआ।

सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने बताया कि हर माह के अंतिम रविवार को होने वाली पंण् कुंजविहारी शर्मा स्मृति साहित्य गोष्ठी की 166वीं कड़ी सृजन से साक्षात्कार कार्यक्रम साहित्यकार प्रो. डॉ. सुरेन्द्र डी. सोनी की अध्यक्षता में हुआ। सम्मान्य शायर जाकिर अदीब बीकानेरी ने अपने आत्मकथ्य के पश्चात् एक से बढ़कर एक गजलों की प्रस्तुति से खूब समां बांधा। वे लोग जमाने से ना दबे हैं ना डरे हैं, जब चराग रौशन हैं यादों के, ख्याल आए हर मोड़ पर गजलों पर खूब वाह.वाही लूटी। महात्मा गांधी, हिन्दी जुबान, अपना राजस्थान व होली आदि पर उनकी नज्मों को खूब सराहा गया।

विशिष्ट सान्निध्य प्रदान कर रही राय बरेली की ख्यातनाम शायरा श्यामसिंह सबा ने अपनी गजलों. एक आकाश हो कल्पना के लिए एक आधार हो भावना के लिए, तेरी महफिल में ये सोचता कौन है, रूह देना मोतबर नहीं आता सुनाकर खूब दाद पाई। शाइर मोहम्मद इदरीस खत्री ने शायर जाकिर अदीब व श्यामससिंह सबा की गजलों पर अपने विचार व्यक्ति किए। अध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र डी सोनी ने साहित्यकार के कर्तव्यों का बोध करवाते हुए कहा कि साहित्यकार का दायित्व है कि वह समाज के भीतर के आयामों को बाहर निकाल कर लाएं। कार्यक्रम के अंत में दोनों शायरों का नगर श्री की ओर शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अब्दुल मन्नान मजहर, राजेन्द्र मुसाफिर, शाकिरा, दीपक कामिल, हरिसिंह, बाबूलाल शर्मा, सत्यनारायण सोनी, सुधीन्द्र शर्मा, सुधी विजयकांत शर्मा, डॉ. मोतीलाल, मुबारक अली भाटी, डॉ. के सी सोनी, मंगल व्यास भारती, हाजी फजले हक आदि उपस्थित थे। संचालन प्रो कमलसिंह कोठारी ने किया।

### उपकारागृह का निरीक्षण किया

**रतनगढ़ (निसं)।** तालुका विधिक सेवा समिति, रतनगढ के बैनर तले उपकाराग्रह रतनगढ का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविंद्र कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू शरद कुमार व्यास, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड ने निरीक्षण किया।

## सार-समाचार

### देशी कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी नगर पुलिस ने सोमवार को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किए हैं। थानाधिकारी विजय सिंह चंदेल ने बताया कि पुलिस की ओर से क्षेत्र में अवैध हथियारों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि जसरापुर से देवता गांव की ओर जाने वाली सडक पर एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है तथा वह कोई वारदात करने की फिराक में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी प्रवीण कुमार नायक ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जब पुलिस की टीम जसरापुर से देवता की ओर जाने वाली सड़क पर पहुंची तो आरोपी पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। आरोपी के भागते समय गिरने से घायल भी हो गया। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक देशी कट्टा व कारतूस पाए गए। जब आरोपी से हथियार को लेकर पुछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में देवता निवास लालचंद उर्फ लीलिया पुत्र बंशीधर गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे में देशी कट्टा व कारतूस बरामद किए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ हरियाणा के नांगल चौधरी व खेतडीनगर थाने में पहले भी दो मामले दर्ज हैं। आरोपी से अवैध हथियार को लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी विजय सिंह चंदेल, एचसी राजेश कुमार, कांस्टेबल अमरचंद मीणा, संदीप कुमार, नेमीचंद, योगेश कुमार व मनीष कुमार शामिल थे।

### बिजली सप्लाई के दौरान फॉल्ट से घरों में कई उपकरण फुंके

**सिंघाना, (निसं)।** सिंघाना थाना क्षेत्र के गुजरवास गांव में बिजली सप्लाई के दौरान सोमवार को फाल्ट आ गया। इस दौरान घरों में बिजली उपकरण जल जाने से लाखों रूपए का नुकसान हो गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तकनीकी खराबी के कारण हुई समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष केसी गुर्जर ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे अचानक बिजली सप्लाई बंद हो गई। इसके बाद करीब साढे ग्यारह बजे बिजली आई तो बिजली के उपकरणों में आग लग गई। बिजली के उपकरणों में चिंगारी उठने से लोग घरों से निकल कर बाहर आ गए। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर बिजली सप्लाई को बंद करवाया गया। उन्होंने बताया कि गांव में ऐसा कोई घर नहीं बचा जिसके फाल्ट आने की वजह से उपकरण जलने से बच गए हो। गांव में कुछ घर ऐसे भी हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर भी है। जिसके हादसे की वजह से काफी नुकसान हुआ है। हादसे के दौरान तेज धमाका होने पर कमला देवी पत्नी भूरसिंह कुलर के पास खेल रहे बच्चे को बचाने के लिए गई तो वह कूलर के सम्पर्क में आ जाने से करंट लग गया। इस दौरान करंट लगने से कमला देवी का हाथ भी झुलस गया, जिसका ग्रामीणों की ओर से प्राथमिक उपचार करवाया गया। उन्होंने बताया कि बिजली का फाल्ट इतना जबरदस्त था कि देखते ही देखते बिजली के उपकरण धूएं में तब्दील हो गए। घटना की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इस संबंध में देवीपुरा पावर हाउस जेईएन राहुल कुमार ने बताया कि गुजरवास गांव में फाल्ट आने से बिजली के उपकरण जल जाने की सूचना मिली है। कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है।

### स्वरांजलि कार्यक्रम में यशस्वी विजेता बनी

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्वर सम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर के जन्मोत्सव पर संस्कार भारती झुंझुनूं द्वारा आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम में एसीआई उमावि की होनहार छात्रा यशस्वी पुत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पुरस्कार स्वरूप 5100 रूपए नकद एवं चल वेजयंती प्राप्त की। एसपी शरद चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर की 23 प्रतिष्ठित संस्थान के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही प्रतियोगिता सहयोगी स्टाफ सरिता चौधरी, ऋतिका बहुगुणा का भी धन्यावाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र कुमावत, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, ऋतिका बहुगुणा, सरिता कुमारी, पूनम जांगिड, दिव्या रोहिला, पूनम शर्मा, राकेश, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण

**रतनगढ़ (निसं)।** तहसील के गांव हरदेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में सोमवार को राज्य सरकार की निःशुल्क टैबलेट योजनान्तर्गत विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि सीताराम महर्षि, गणपत राम पूनिया, करणा राम पूनिया, एडवोकेट लक्ष्मण राम प्रजापत व राकेश कुमार गुसांईसर थे। माँ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम में प्राध्यापक शिशपाल सांखोलिया ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में परिश्रम कर अधिकाधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। संस्था प्रधान मुरारी लाल शर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुवे विद्यालय में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 12 छात्रा व 1 छात्र सहित कुल 13 प्रतिभावान विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम संचालन अध्यापक प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सीकर (निसं)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी फतेहपुर की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई की ओर से अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार मीणा के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत जोहड़े के पास महिलाओ के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरयूआईडीपी कैप के सहायक सामाजिक विकास अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि कचरे का सही निस्तारण करना अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।


**नाम परिवर्तन**

मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा सही नाम SAMEER KHAN S/O IQBAL BAHADUR KHAN दर्ज है जबकि पासपोर्ट में SAMIR KHAN S/O IQBAL BAHADUR KHAN दर्ज है जो एक्सपायर हो गया है। अब पासपोर्ट में सही नाम SAMEER KHAN S/O IQBAL BAHADUR KHAN दर्ज करवाना चाहता हूं तथा मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**समीर खान - चूरू**



**कार्यालय नगरपालिका मंडल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भू/2024/ दिनांकः- 30.09.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री टेकचन्द पुत्र श्री तेजाराम जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. 03 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखंड साईज 1325.44 (दक्षिणी हिस्सा)वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री तेजाराम पुत्र श्री परसराम शर्मा के नाम से साईज 441.66 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री तेजाराम की मृत्यु दिनांक 17.06.2002 को व श्रीमती मूर्ती देवी पत्नी तेजाराम की मृत्यु दिनांक 29.08.2013 को हो चुकी है। श्रीमती सुखजीत पुत्री श्री तेजाराम ने जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 31.03.2023 द्वारा उक्त भूखंड में से 1/4 हिस्सा अपने भाइयों श्री टेकचन्द, धर्मपाल, सुरेन्द्रपाल पुत्र श्री तेजाराम को दान कर दिया। श्री टेकचन्द, धर्मपाल, सुरेन्द्रपाल ने जरिये पंजीकृत दस्तावेज विभाजन विलेख दिनांक 16.01.2024 द्वारा अपने-अपने हिस्से का विभाजन कर लिया, जिसके अनुसार उक्त भूखण्ड में से साईज 1325.44 वर्गफुट (दक्षिणी हिस्सा) श्री टेकचन्द पुत्र श्री तेजाराम के हिस्से में आया, जिसका प्रार्थी नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**